एक नजर में

## सूने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार



देवास। विजयागंज मंडी पुलिस ने एक सूने मकान में हुई चोरी के आरोपी को 48 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी किशोर पिता दयाराम चौरसिया (39), निवासी ग्राम दत्तोतर ने 9 अप्रैल 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल 2026 को वह परिवार सहित एक शादी में गए थे। 9 अप्रैल को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी गायब थे। इस मामले में थाना विजयागंज मंडी में अपराध क्रमांक 43/2026, धारा 305(ड्), 331(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच.एन. बाथम के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक (एलआर) बबीता बामनिया के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक सोनी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी अरविंद मालवीय (26), पिता जयराम मालवीय, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर टूमनी, हाल मुकाम ग्राम दत्तोतर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक सोने का पेंडल, चार सोने के दाने, एक जोड़ी सोने की बालियां, चांदी की छह बिछिया (एक जोड़ी) और 12,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

## ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



देवास। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस यादगार कमेटी देवास ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल,पर पुष्प अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विनोद प्रजापति और साथियों ने अगर हो सके तो अब कोई शम्मा जलाइये गीत प्रस्तुत किया ।इसके बाद अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। ज्योतिबा राव फुले के विचारों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शिवांगी सिसोदिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म एक ऐसे समय में हुआ था जब देश में विभिन्न तरह की कुप्रथाएं चल रही थी। उस समय देश में जातिवादी सोच, छुआ छूत, पर्दा प्रथा , बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुप्रथाएं चलती थी, जिनको धर्म का नाम दिया जाता था। ज्योतिबा राव फुले ने धार्मिक कुप्रथाओं और जाति प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया। तथाकथित दलित जाति के लोगों का जाति के आधार पर शोषण किया जाता था। महिला शिक्षा को लेकर महात्मा ज्योतिबा राव फुले, सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख, उस्मान शेख, आदि लोगों ने स्कूल खोले। इस अवसर पर ज्योतिबा राव फुले के विचार का एक कार्ड का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजुल श्रीवास्तव ने किया व आभार कमेटी के अध्यक्ष मोहन जोशी ने माना। इस अवसर पर कमेटी की सचिव वाणी जाधव, बाबूलाल , गणेश, ओम प्रकाश बांगड़े, कुशुम बांगड़े, फरीद कुरैशी, राजेंद्र मुकाती, गौरीशंकर प्रजापति, अनिल मंडलोई, अर्जुन, रोहित, विजय, विनोद प्रजापति,चेतन, मनोज, विकास ,सुरेश अहिरवार,अमरसिंह आदि शामिल रहे।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आज

देवास। भारत सरकार द्वारा सोमवार 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोमवार 13 अप्रैल को प्रातः 11बजे से 12.30 बजे तक डी.डी. न्यूज़ पर किया जाएगा। नगर निगम देवास द्वारा उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम बैठक हॉल में जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट महिलाओं, सामुदायिक संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ता, खिलाड़ी, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े एवं कला व संस्कृति से जुड़े व्यक्तियों तथा अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में दिखाया एवं सुनाया जाएगा.

# देवास जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

▶ भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई वित्तीय अनियमिताओं के गंभीर आरोप

**देवास।** उज्जैन संभाग के आयुक्त आशीष सिंह ने देवास के जिला शिक्षा अधिकारी एच.एस. भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई करोड़ों रुपये के सरकारी फंड में की गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और शासन के भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने के बाद की गई है।

### जांच में खुले भ्रष्टाचार के राज

आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला शिक्षा कार्यालय देवास में बिना ई-टेंडरिंग और उचित प्रक्रिया के



करोड़ों रुपये का भुगतान किया गया।

### बिना टेंडर करोड़ों का खर्च

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए 20 लाख रुपए और स्कूलों के रखरखाव के नाम पर प्रतिवर्ष 1.80 करोड़ से अधिक की राशि बिना किसी वैध निविदा प्रक्रिया के खर्च कर दी गई।

### अवैध अग्रिम भुगतान

नियमों को ताक पर रखकर भारती नेव्या, सुदेश सांगते और सुनील कुमार चौधरी जैसे व्यक्तियों को लगभग 28.89 लाख का एडवांस भुगतान किया गया, जिसका सरकारी नियमों में कोई प्रावधान नहीं है।

### टैक्स चोरी और सरकारी नियमों की अनदेखी

सामग्री खरीद और वाहनों की मरम्मत में न तो भंडार क्रय नियमों का पालन किया गया और न ही भुगतान के समय नियमानुसार 2 प्रतिशत जीएसटी और टीडीएस की कटौती की।

### निलंबन और नई व्यवस्था

जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर रूप से लापरवाह रहे। मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उल्लंघन के तहत उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान एच.एस. भारती का मुख्यालय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, उज्जैन संभाग रहेगा। देवास डीईओ का अतिरिक्त प्रभार वर्तमान जिला परियोजना समन्वयक अजय मिश्रा को सौंपा है।

### कलेक्टर को निर्देश

आयुक्त ने देवास कलेक्टर को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आरोप पत्र और प्रमाणित दस्तावेज 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं। इस बड़ी कार्रवाई से शिक्षा विभाग और प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

## आशा भोंसले के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**देवास।** देश की प्रख्यात गायिका आशा भोंसले के दुखद निधन पर मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल द्वारा दुख जताते हुए भोंसले के निधन को संगीत के क्षेत्र में देश को एक अपूर्णनीय क्षति बताया। दुखद निधन पर प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनीता पाल प्रदेश महामंत्री सरदार सिंह मेड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह नेताजी इंदौर संभाग अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी उज्जैन संभाग अध्यक्ष नाथू सिंह सेधव देवास जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ जिला पदाधिकारी पवन नागर बरोठा राजेश तंवर गहली उमंग नेमा शिवानी कन्नौद जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रेवाराम सारण सरपंच रघुनाथ नायक सरपंच लखन उईकै पलासी सरपंच आनंद जोनवाल विदिशा जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा देपालपुर विधानसभा अध्यक्ष राम सिंह मकवाना राऊ विधानसभा अध्यक्ष



राकेश परमार योगेश पांचाल रामचंद्र जाटव सीहोर जिला अध्यक्ष अनंत नारायण शर्मा कमल शर्मा देवास खंडवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र पुरोहित शाजापुर जिला अध्यक्ष केसर सिंह परमार प्रदेश पदाधिकारी संजय मोदी ओंकारेश्वर प्रेम नारायण पंचोली नरसिंहगढ़ राकेश जैन मन्दसौर शीला गुप्ता इंदौर जिला अध्यक्ष शोभा जोशी देवास ओम प्रकाश पटेल कृष्णकांत कुंडल आदि लोगों ने दुख जाताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## फर्जी सीआरपीएफ डीआईजी बन घूम रहा युवक पकड़ाया

**देवास।** शहर में एक युवक द्वारा खुद को सीआरपीएफ का डीआईजी बताकर रौब झाड़ने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को पकड़कर हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड क्षेत्र में एक स्विफ्ट डिजायर कार खड़ी थी, जिसमें लाल बत्ती लगी हुई थी। वाहन पर लगे लाल बत्ती और संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस को शंका हुई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की जांच की। जांच के दौरान कार में बैठे युवक ने खुद को सीआरपीएफ का डीआईजी बताते हुए अपना नाम सौरभ राणा निवासी भोपाल बताया। लेकिन पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर उसकी असलियत सामने आ गई। युवक की पहचान सौरव राणा के रूप में हुई, जो कि किसी भी प्रकार से डीआईजी पद पर नहीं है। पुलिस को आरोपी के पास से कथित तौर पर फर्जी पहचान पत्र भी मिला है। इसके बाद उसे तत्काल कोतवाली थाने लाया गया, जहां उससे लगातार पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा ने बताया कि आरोपी से यह भी जानकारी जुटाई जा रही है कि उसने डीआईजी बनकर कहीं ठगी या अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम तो नहीं दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपी से गहन पूछताछ जारी है।

## पौधारोपण कर मनाया सांसद सोलंकी का जन्मदिन

**देवास।** देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सांसद के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर पहुंचकर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया गया।

कार्यालय परिसर में पौधे रोपकर सभी ने हरित भविष्य का संकल्प लिया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.



रायसिंह सेंधव ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ सहभागिता कर पौधारोपण किया। साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, जिला महामंत्री राजेश यादव, अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री संजय दायमा, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष झाला सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेवरी फाटा पर भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत, एक घायल

▶ अनियंत्रित होकर कार हो गई दुर्घटनाग्रस्त

**देवास/सोनकच्छ.** सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के नेवरी फाटा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही तीन युवकों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. मृतकों की पहचान प्रदीप धाकड़ और शुभम (सुभाम) धाकड़—दोनों सगे भाई निवासी ग्राम दूधलाई—तथा मोहित धाकड़ निवासी ग्राम गुनाई के रूप में हुई है. वहीं, सचिन निवासी गुनाई गंभीर रूप से घायल है, जिसे इंदौर के आईसीयू में भर्ती कराया गया है.

### कार्यक्रम में शामिल होने आए थे

बताया जा रहा है कि सभी युवक ग्राम गुनाई में आयोजित पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई, विशेषकर दो सगे भाइयों की एक साथ मौत से गांव में मातम का माहौल है।

## मुख्यमंत्री कन्यादान-निकाह योजना को लेकर जनपद सभा कक्ष में बैठक

**खातेगांव।** विधायक आशीष शर्मा की मंशानुसार जनप्रतिनिधियों तथा समस्त विभाग प्रमुखों की मुख्यमंत्री कन्यादान/निकाह योजना के कार्यकम दिनांक 19.04.2026 की पूर्व तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई।

इसमें सलिताबाई मेरामजी धनवारे जनपद पंचायत अध्यक्ष, मनीष पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, संतोष मण्डलोई विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत, नरेन्द्र चौधरी विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत खातेगांव, संतोष काकोडिया जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, राजेश गोस्वामी, पंडित महेशजी दुबे, बनवारी धुर्वे, आयोजित बैठक में तहसीलदार अखिलेश शर्मा,



जनपद पंचायत के प्र0 सीईओ अभिषेक कटारिया, निखिलेश चिंतामन सीएमओ-खातेगांव, आनंदीलाल वर्मा सीएमओ-नेमावर, मनोज उपाध्याय सहायक बीईओ, गंगाप्रसाद मालवीय बीएसी, जनपद पंचायत के बीपीओ आर आर राजोरिया, सामाजिक न्याय के एस.एस.ओ. दिलीप बारेला, जी आर परते बीसी-एसबीएम, राजेश दुबे पंचायत शाखा सहायक जनपद पंचायत खातेगांव, उधानिकी विभाग से प्रकाश खपेडिया, महिला एवं बाल विकास से श्रीमती राजकुमारी जैन, जगदिश राठौर नोडल अधिकारी आजाकवि, कृषि विभाग से आरएईओ, स्वास्थ्य से नरेन्द्र गुर्जर, श्रीमती छाया दुबे उपयंत्री पीएचई, विष्णु यादव पीएचई, कृषि उपज मण्डी से सहायक आदि अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य मंत्री कन्या विवाह / निकाह के आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाओं हेतु चर्चा कर सर्वसहमति से मंच, टेंट, माईक, साउण्ड, भोजन व्यवस्था, बारात व्यवस्था, बैण्ड डीजे, पेयजल, स्वास्थ्य टीम सत्यापन टीम आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की जाकर विवरण पंजीबद्ध किया गया। एवं समस्त विभागों को अपने अपने दायित्वों से अवगत कराया गया। निर्देश दिये गये कि, आयोजन की समस्त व्यवस्थायें पॉच दिवस में पूर्व की जाएं।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष, सचिव और प्रांतीय पदाधिकारी ने किया दौरा

**देवास।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन देवास में संभाजी नगर महाराष्ट्र से पधारी राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी, पश्चिमी बंगाल कलकत्ता से पधारी राष्ट्रीय सचिव बबिता बगड़िया, उज्जैन से पधारी प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमति संतोष सोडाणी ,निवृतमान राष्ट्रीय अंचल प्रमुख एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सुमन मूंदड़ा, इंदु सोमानी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, प्रांतीय सचिव संगीता भूतड़ा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजकुमारी माहेश्वरी, प्रांतीय बालविकास प्रमुख शकुंतला सोनी की विजिट हुई।



सचिव श्वेता मंत्री ने बताया कि यह कार्यक्रम सह कोषाध्यक्ष रूपाली गुप्ता के निवास पर सम्पन्न हुआ एवं कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का स्वागत नृत्य गीत तथा मस्तक पर श्री लगा कर तथा माला ,दुपट्टा और वेणी से संगठन की सभी सदस्य बहनों ने किया। देवास शाखा अध्यक्ष मंजूबाला जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा संगठन को संचालित करने के बारे में जानकारी दी, और सत्र के स्लोगन संस्कार ही धरोहर के बारे के बताया। राष्ट्रीय सचिव बबिता बगड़िया ने वित्त प्रबन्धन के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सरिता महाजन ,उमा परवाल ,डॉ किरण भार्गव, रूपाली गुप्ता, रीना बिंदल, लक्ष्मी डागा,ऊषा भूतड़ा, शकुंतला मंगल,दुर्गा पोरवाल ऊषा बिंदल आदि बहने उपस्थित रही। आभार सचिव श्वेता मंत्री ने माना।

## राजेंद्र योगी कान्तापुर नगर अध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** कान्तापुर जिला देवास निवासी राजेंद्र योगी को मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़ देवास ने कान्तापुर नगर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है योगी को ग्राम इकलेरा ग्राम उमर ग्राम खल ग्राम सलामतपुरा ग्राम बुरट ग्राम जिलवानी ग्राम जानसुर ग्राम सिंगोड़ी ग्राम बेडगांव ग्राम भयली ग्राम नयापुरा ग्राम बंधावा ग्राम रामपुरा ग्राम भदरपुरा ग्राम सुरमन्या ग्राम खराडी ग्राम बैरागडा गोविंद नगर ग्राम भेसुन आदि ग्रामों के सनातन धर्म स्वलम्बीयो ने बधाई दी ।

## नाली निर्माण की जगह दिखाया बाल वाटिका कार्य

**देवास।** देवास जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत आनंदपुर डूंगरिया में शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

केंद्र शासन के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार वर्क कोड 116354416 के अंतर्गत नाली निर्माण कार्य स्वीकृत है, लेकिन पोर्टल पर उक्त कार्य के स्थान पर बाल वाटिका का विवरण अपलोड किया गया है, जो नियमों के विपरीत है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा किए गए भुगतान में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि रिजवत खा निवासी अमरापुर को ग्राम पंचायत द्वारा टेंट हाउस के कार्य का भुगतान किया गया है, जिसके बिल ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं। वहीं आरोप है कि इसी व्यक्ति को मजदूर दर्शाकर भी भुगतान निकाला गया ।मामले में यह भी सामने आया है कि पोर्टल पर कई बिलों के स्थान पर काले कागज के फोटो तथा खाली सफेद पन्नों को बिल के रूप में अपलोड किया गया है, जिससे शासकीय राशि के दुरुपयोग की आशंका और गहरा गई है ।ग्रामीणों का कहना है कि मामला यहीं तक सीमित नहीं है। आरोप है कि सरपंच पति द्वारा नल-जल योजना की सरकारी पाइपलाइन को अपने खेत तक ले जाया गया है और उसी पानी से निजी खेती की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार तीन वर्षों में गांव में पाइप लाइन बिछाने और कनेक्शन देने के बावजूद आज तक नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर शासकीय योजनाओं के सही क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की अपील की है। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह 26 को

**बागली।** 26 अप्रैल को बागली बेहरी मार्ग पर स्थित भोमिया जी हनुमान मंदिर परिसर में पाटीदार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न होगा। इस सम्मेलन में 60 जोड़े शामिल होंगे समिति सदस्यों के अनुसार यह विवाह सम्मेलन निशुल्क रहेगा सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर 9 अप्रैल को भोमिया जी मंदिर परिसर में समाज की बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में निशुल्क विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर रूपरेखा बनाई गई। आयोजित विवाह सम्मेलन के पूर्व में कार्य योजना के लिए बैठक रखी गई।

एक नजर में ▶ उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

## शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे : देवड़ा

**देवास।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक देवास गायत्रीराजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव, संजय दायमा, भेरूलाल अटारिया, भरत चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन अन्य अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति तथा हितग्राहीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री



जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई हितग्राही योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। शासन द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उसके क्रियान्वयन के लिए टीमें गांव-गांव, घर-घर जाकर संपर्क करेंगी और उन अगर कोई पात्र व्यक्ति वंचित रह गए हों तो उनकी भी सूची तैयार करके उन्हें हितलाभ दिया जाएगा। वर्तमान में महिला सशक्तिकरण अभियान संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा तीन दिन का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है, इसमें महिला आरक्षण का बिल लाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि का लाभ बड़ी संख्या में नागरिकों मिल रहा है।


**कार्यालय जनपद पंचायत खातेगॉव जिला देवास म.प्र.**

क्रमांक/1931/मु.मं.क.वि.यो./2026 **विज्ञप्ति** खातेगांव, दिनांक 12/04/2026

जनपद पंचायत खातेगांव अंतर्गत दिनांक 19 अप्रैल 2026 को कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन (90 कन्या) का आयोजन होना है। इस हेतु टेंट संबंधित सामग्री एवं भोजन व्यवस्था निम्नानुसार की जाना है-

टेंट/साउण्ड/मंच आदि व्यवस्था - सीलिंग, दरी, बिछात, कनात, स्टेज/मंच, व्हीआयपी कुर्सी, स्टील सोफा, लगभग 1200 प्लास्टिक कुर्सी, माईक सेट, जनरेटर डीजल सहित, 02 स्वागत गेट, आवश्यकतानुसार लाईटिंग/कूलर/पंखे, सामग्री की अलग-अलग दर एक ही पेज पर प्रस्तुत की जावे। 90 वर-वधु के लिये पृथक-पृथक राउटी भी कनात से आमने सामने बनायी जाना होगी। सभी सामग्री अच्छी एवं साफ-सुथरी ही लगाई जावेगी।(पूर्व के अनुमान अनुसार संपूर्ण कार्य की अनु0 लागत प्रति विवाह 2000/- हो सकती है) बजट की उपलब्धता अनुसार अधिकतम राशि 2.50 लाख के आस-पास। इस हेतु कोटेशन खोलते समय क्रय समिति/परामर्शदात्री समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। भोजन पैकेट व्यवस्था (अनुमानित 2000 से 2500 पैकेट-खन वाले डिब्बा) - कैरी की सब्जी (खट्टी मीठी लौजी) 100 ग्राम, सेव 50 ग्राम, बूँदी का लड्डू (50 ग्राम), पुडी 06 नग (200 ग्राम), सभी सामग्री नियत पैकेट में कार्यकम स्थल पर प्राप्त होने वाले टोकन के आधार पर दिया जावेगा। आपके 04 व्यक्ति खाली पैकेटों को डस्टबिन में कार्यक्रम प्रारंभ से समाप्ति तक उठा-उठाकर डालते रहेंगे। भोजन मण्डी प्रांगण में ही तैयार किया जावे जिसे समय समय पर अधिकारियों एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा भी चेक/परीक्षण किया जाता रहेगा। कोटेशन खोलने के समय खन वाला खाली पैकेट का सैम्पल साथ लाना होगा।(पूर्व के अनुमान अनुसार पैकेट की अनु. लागत 56 से 70 रूपये के बीच ही मान्य होगी, जिसमें 56/- और 70/- भी शामिल है)
दोनों कार्यो हेतु इच्छुक फर्म/व्यक्ति दिनांक 16.04.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपनी दरें जनपद पंचायत में सीलबंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। सभी प्राप्त कोटेशन दिनांक 16.04.2026 को समय दोपहर 01.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जावेगी। जिसमें इच्छुक फर्म/व्यक्ति स्वयं या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। कार्यो/सामग्री के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है। जिन फर्मो की कोटेशन/दर सबसे कम प्राप्त होंगी, उनका परीक्षण गठित समिति/परामर्शदात्री समिति द्वारा किया जाकर संतुष्टि उपरांत नियत अमानत राशि जमा होने पर ही कार्यादेश जारी किया जा सकेगा अन्यथा की स्थिति में अगली फर्मो को मौका दिया जावेगा।
नोट- निविदा प्रपत्र/फार्म का मूल्य 500/- निर्धारित है जो कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इसी में दरें दी जा सकेंगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत खातेगांव**